पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/public-affairs-index-2021-1

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जारी की गई पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स, 2021 में विकास/वृद्धि स्तंभ में बड़े राज्यों की श्रेणी में बिहार को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ।

प्रमुख बिंदु

- पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स, बंगलुरू आधारित थिंक टैंक 'पब्लिक अपेयर्स सेंटर' द्वारा जारी किया जाता है।
- पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स की गणना तीन आधारभूत स्तंभों- इक्विटी, विकास/वृद्धि तथा संधारणीयता के आधार पर की गई है।
- इस सूचकांक में इक्विटी स्तंभ में बड़े राज्यों की सूची में बिहार को 12वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि गुजरात प्रथम एवं उत्तर प्रदेश अंतिम पायदान पर हैं।
- विकास/वृद्धि स्तंभ में बड़े राज्यों की श्रेणी में बिहार को अंतिम स्थान (18वाँ) प्राप्त हुआ है, जबकि प्रथम स्थान पर तेलंगाना है।
- संधारणीयता स्तंभ में बिहार को बड़े राज्यों की श्रेणी में 17वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि उत्तर प्रदेश को 18वाँ (अंतिम) स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं केरल प्रथम पायदान पर है।
- समग्र (ओवर ऑल) रैंकिंग में केरल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा तमिलनाडु द्वितीय स्थान पर है। बिहार एवं उत्तर प्रदेश सबसे अंतिम पायदान पर हैं।